# अखिल राजस्थान उच्च शिक्षा मंत्रालयिक कर्मचारी संघ (अरूस्मा)

(EMAIL ID : arusma2025@gmail.com)

प्रधान कार्यालयः SKIT कॉलेज के पास, रामनगरिया, जगतपुरा, जयपुर


क्रमांकः ARUSMA/प्रदेश/राज./2025/229–234 दिनांकः–26.11.2025

**माननीय मुख्यमंत्री/उच्च शिक्षा मंत्री,**
**राजस्थान सरकार, जयपुर।**

**श्रीमान् मुख्य सचिव,**
**राजस्थान सरकार, जयपुर।**

**श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**उच्च शिक्षा विभाग, जयपुर।**

**श्रीमान् आयुक्त/अतिरिक्त आयुक्त,**
**आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।**

**विषयः– कॉलेज शिक्षा विभाग में रिक्त कनिष्ठ–सहायकों के पदों को आगामी प्रस्तावित कनिष्ठ–सहायक संयुक्त सीधी भर्ती– 2026 में शामिल करवाकर नियुक्ति प्रक्रिया संपादित करवाने बाबत।**

मान्यवर,

उपर्युक्त विषयान्र्तगत निवेदन हैं कि– कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान के विभिन्न महाविद्यालयों एवं कार्यालयों में विभागीय प्रशासनिक कार्यप्रणाली सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए विभाग में मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग के लगभग 1435 पद सृजित किए हुए है। इसी के परिपेक्ष्य में कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान में मंत्रालयिक कर्मचारी संबंधी मानव संसाधन की कमी का महत्वपूर्ण एवं गंभीर विषय का निम्नानुसार उल्लेख हैं–

1. **<u>कॉलेज शिक्षा विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के कनिष्ठ सहायक के पदों की वर्तमान स्थितिः–</u>**

– वर्तमान में कॉलेज शिक्षा विभाग में कनिष्ठ–सहायक के कुल 641 पद स्वीकृत है, एवं लगभग 190 पदों पर ही कनिष्ठ–सहायक कार्यरत है।

– कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान में सम्पूर्ण मंत्रालयिक संवर्ग के स्वीकृत पदों के लगभग 45% पद कनिष्ठ सहायकों के ही स्वीकृत है। विभाग में उक्त कनिष्ठ सहायकों के स्वीकृत 641 पदों में से लगभग 450 पद रिक्त है जो कि विभाग में कनिष्ठ सहायकों के कुल स्वीकृत पदों के लगभग 70% पद रिक्त है।

– विभाग में कनिष्ठ सहायक का पद मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग के पदों में एकमात्र सीधी भर्ती से कार्मिकों की नियुक्तियाँ किए जाने वाला पद हैं। कनिष्ठ सहायक के पद के अतिरिक्त मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग के अन्य उच्च पद, पदोन्नति प्रक्रिया द्वारा भरे जाने वाले पद है।

– मंत्रालयिक कर्मचारी संवर्ग में कनिष्ठ सहायकों के स्वीकृत पदों में रिक्तियों के मध्यनजर विभागीय सेवा प्रभावित हो रही है। मानव संसाधन की न्यूनता से कार्यरत मंत्रालयिक कर्मचारियों की स्वास्थ्य एवं कार्यक्षमता भी प्रभावित हो रही है एवं विभागीय उत्पादकता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।

– इन रिक्तियों के कारण विभागीय कार्यालयों में न केवल दस्तावेजी एवं अभिलेखीय कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है बल्कि महाविद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रिया (वित्तीय, परीक्षा, लेखा, छात्रवृत्ति आदि ) पर भी विपरीत प्रभाव पड रहा है।

**– विभागीय आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए, कनिष्ठ सहायक के उपरोक्तानुसार उल्लेखित रिक्त पदों को आगामी प्रस्तावित कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2026 में सम्मिलित करवाकर नियुक्ति प्रक्रिया संपादित किए जाने से विभाग को पर्याप्त मात्रा में मानव संसाधन मिलेगा एवं पारदर्शी प्रशासन**

**सुनिश्चित होने के साथ ही बेरोजगार अभ्यर्थियों को भी रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होगे तथा विभागीय कार्यकुशलता एवं उत्पादकता में भी अभूतपूर्व सकारात्मक अभिवृद्धि होगी।**

– राज्य सरकार द्वारा आगामी प्रस्तावित नवीन **कनिष्ठ–सहायक संयुक्त सीधी भर्ती– 2026** के लिए कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों की अभ्यर्थना राज्य के विभिन्न अधीनस्थ विभाग/कार्यालयों द्वारा नॉन टी.एस.पी. क्षेत्र (गैर–अनुसूचित क्षेत्र) एवं टी.एस.पी. क्षेत्र (अनुसूचित क्षेत्र) अनुसार रिक्तियों की सूचना **प्रशासनिक समन्वय एवं सुधार विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर** को प्रेषित की जा रही है। जिसके उपरांत **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर** के द्वारा **कनिष्ठ–सहायक संयुक्त सीधी भर्ती– 2026** का विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया संपादित की जाएगी।

– विभाग में लगभग कुल 450 कनिष्ठ–सहायकों के पद आदिनांक तक रिक्त है। जिसके कारण महाविद्यालयों एवं कार्यालयों में सम्पूर्ण मंत्रालयिक संवर्ग के कार्मिकों को स्वयं के महाविद्यालयों एवं कार्यालयों में कनिष्ठ–सहायकों के पदों के रिक्त होने के कारण तीन–चार कार्यभार प्रत्येक मंत्रालयिक कार्मिक को संभालने के साथ ही अधीनस्थ 2–3 राजसेस महाविद्यालयों का भी कार्यभार संभालना पड रहा है।

– विभाग के अनेक महाविद्यालयों में ंतो वर्तमान में मंत्रालयिक संवर्ग के समस्त कार्यभार केवल कार्यरत एकल मंत्रालयिक कार्मिक द्वारा ही संभाले जा रहे है। जिसके कारण विभाग में मंत्रालयिक संवर्ग के कार्यरत कर्मचारियों की शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्थिति प्रभावित हो रही है एवं महाविद्यालयों एवं कार्यालायों के स्तर पर विभिन्न समस्याओं के निस्तारण में समय अधिक लगने आदि विभिन्न तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड रहा है।

**2. आगामी प्रस्तावित कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2026 के संदर्भ में संघ की माँगः–**

**– मानव संसाधान की विभागीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कनिष्ठ सहायक के कम से कम 350 रिक्त पदों (जिसमें गैर–अनुसूचित क्षेत्र के 325 पद एवं अनुसूचित क्षेत्र के 25 पद) को विभागीय हित एवं कार्मिक हित में आगामी प्रस्तावित कनिष्ठ–सहायक संयुक्त सीधी भर्ती– 2026 से सम्मिलित करवाकर नियुक्ति प्रक्रिया संपादित करवाने के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान से भी कनिष्ठ सहायकों के रिक्त पदों की नियमानुसार अभ्यर्थना अतिशीघ्र प्रेषित करावें।**

आपसे अनुरोध हैं कि विभाग हित, कार्मिक हित एवं कार्यस्थल पर स्वस्थ गुणवत्तापूर्ण वातावरण को बचाने के लिए संघ की उपरोक्त माँग पर आवश्यक कार्यवाही करवाने का श्रम करावें।

**आपकी सकारात्मक कार्रवाही की प्रतीक्षा में।**

**दिनांक– 26.11.2025**

**भवदीय**

**प्रकाश चन्द्र शर्मा**
**प्रदेशाध्यक्ष, ARUSMA**